शहरी विकास विभाग

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार

9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली

विधायक का नाम : श्री प्रवीण कुमार

दिनांक : 30.07.2021

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 104

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

क्र. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	क्या भोगल क्षेत्र में एसडीएमसी द्वारा मल्टीलेवल पार्किंग का निमार्ण विगत 6 वर्ष से चल रहा है,	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– जी हां।
ख	इस कार्य के कब तक पूरे होने की संभावना है, और	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– इस कार्य के निर्माण में करी गयी देरी के एवज में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा ठेकेदार से अनुबंध के अनुसार निविदा राशि का 10 प्रतिशत मुआवजा जो कि 10.42 करोड़ है, क्लॉज 2 के अन्तर्गत वसूल किया जाना है। अनुबंध के क्लॉज 3 के अन्तर्गत अनुबंध प्रदर्शन जमानत राशि बैंक गारंटी आदि जोकि 10.41 करोड़ है, विभाग द्वारा जब्त की गई है। विभाग बचे हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए प्रयासरत है इस विषय में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।
ग	अब तक इस पार्किंग पर कितनी राशि खर्च हो चुकी है ?	**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (पूर्व एम.सी.डी.) द्वारा जंगपुरा भोगल, कालकाजी और न्यू फ्रेंडस कॉलोनी में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने के लिए 29.01.2010 को वर्क ऑर्डर किया था। इस कार्य की अनुबंधित राशि 104.20 करोड़ थी। कालकाजी पार्किंग का कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चूका है और पार्किंग की सुविधा जनता को दी जा रही है। न्यू फ्रैंडस कॉलोनी पार्किंग का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चूका है और दो मंजिल पर पार्किंग हो रही है। जंगपूरा भोगल की पार्किंग का सदृक्चर पूरा हो चूका है इसमें टी.एन्ड पी. और मशिनरी का कार्य होना बाकी है। उपरोक्त तीनों पार्किंग (जंगपुरा भोगल, कालकाजी और न्यू फ्रैंडस कॉलोनी) में काम का खर्च 103.50 करोड़ हो चुका है।

Deputy Secretary (Admn.)
Urban Development Deptt.
Govt. of N.C.T. of Delhi
9th Level, Delhi Sectt.
New Delhi-110002